Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to undertake renovation of approach roads to railway stations, construction of foot-over bridges and road over bridges on level crossing in Gopalganj district, Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज): गोपालगंज जिला (बिहार) में कई रेलवे स्टेशन हैं जैसे- जलालपुर, सिपाया, सासामुसा, नरकटिया, थावे जंक्शन, गोपालगंज, माँझा, शेर, सिधवालिया, टेकनवास इत्यादि स्टेशन तथा हॉल्ट हैं, जहाँ अभी भी फुट ओवर ब्रिज, रोड ओवर ब्रिज, सम्पर्क पथ की समस्या है । स्टेशनों से गुजरने वाले रेलवे पथ की बहुत ही बुरी एवं जर्जर हालत है । पूर्ववर्ती सरकार में कई वर्षों ओवर ब्रिज, फुट ओवर ब्रिज, सम्पर्क पथ का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया है, जिससे आम जनता एवं स्कूली बच्चों को रेलवे पथ पार कर आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जान-माल के नुकसान का खतरा बना रहता है । इस समस्या को लेकर जनता में काफी आक्रोश है तथा रोड का जीर्णोद्धार एवं रेलवे सम्पर्क पथ नहीं बनने से समस्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है ।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से विनती करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के थावे जंक्शन, सासामुसा, सिपाया, जलालपुर, हथुआ, माँझा, बरौली, सिधवालिया, टेकनवास रेलवे स्टेशनों पर रेलवे स्टेशन सम्पर्क पथों का जीर्णोद्धार एवं फुट ओवर ब्रिज एवं विभिन्न रेलवे क्रॉसिंगों पर यातायात के सुगम आवागमन के लिए वहाँ रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र कराया जाए, ऐसी मेरी केंद्र सरकार से गुजारिश एवं मांग है ।